पंचायतों को वित्तीय अधिकार के लिए विधेयक लाएं, ऐसा प्रधानमंत्री जी ने कहा था कुछ दिन पहले। नौकरशाही के पजें तले यह पंचायत चल रही हैं। आज भी जिनके पास अधिकार है, जिनके पास सत्ता होती है, वह नहीं चाहता हैं कि अधिकार जाए। एमएलए की पूछ कम हो जाती है, सांसदों की पूछ कम हो जाती है, , इसलिए गावं इकाई के लोग वहां जाते हैं, पंचायतों की तरफ जाते हैं। सिर्फ एमपी तक निर्भर नहीं है, विधायकों तक निर्भर नहीं हैं। मैं यह भी आग्रह करना चाहूंगा माननीय सदन से और उपसभापति महोदया से कि आज हम सांस्दों के वेतन में और भत्तों में वृद्वि करते है, टीए, डीए में वृद्वि करते हैं, विधायकों को एक-एक करोड़ देते हैं, लेकिन जिला परिषद तक के जो लोग हैं, जो ब्लाक आजे-जाते हैं, वे अपनी मोटर साइकिल के लिए पैट्रोल कहां से लाएंगे, इस बारे में नहीं सोचते। तो उनके लिए भी एक टोकन के रूप में कुछ राशि क्यों न आवंटित की जाए। अगर हम इलेक्टिड प्रतिनिध हैं, लोक सभा के हो या विधान सभा के हों , विधान परिषद के हों या राज्या सभा के हां, इस देश में कहीं से भी हों, हमें उनके लिए व्यवस्था करनी चाहिए। भ्रष्टाचार वहां होता है जहां अभाव होता हैं। बहुत लोग भरे हए पेट में भी भ्रष्टाचार के आदी हो जाते हैं। जहां खाली पेट हो उसके लिए हजार, पाचं सौ की व्यवस्था हम क्यों नहीं करते हैं। इधर हाल ही में अखबार में और टीवी में दिखाया जा रहा था कि एक महिला, जो किसी राज्य की सरंपच थी, उसने त्यागपत्र दे दिया क्योंकि उसको 150 रूपया महीना मिलता था और उसने चार हजार रूपए की नौकरी की कि हम अपने बच्चों को पढ़ाएंगे क्योंकि हमारा पति डेली वेजिस पर काम करता है और हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित न हों। जो यह त्रासदी क्यों? यह विषमता क्यों, यह विरोधाभास क्यों ? ऐसे स्वशासी संगठनों की अवहेलना क्यों हो रही हैं ? हम समझते हैं कि चौखंभा राज्य में कोई बड़ा खंभा नहीं होना चाहिए। भावना में, विचार में संस्कृति में ह्रदय बदलना चाहिए। उदय प्रताप सिंह जी कह रहे थे कि आत्मा का बदलाव होना चाहिए। अगर यह फोर लेयर सिस्टम होगा विचारों में, संस्कारों में व्यवहारों में, हमारी चिंतन पद्धति में तो यह एक बुरी बात होगी। इसलिए नौकरशाही के पंजे से पंचायतों को अलग करना चाहिए ताकि उसको भी स्वायत्ता हो। साथ ही साथ पंचायतों के पर काटती सरकार की ओर मेथ्यू ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया था और सरकार की मंशा पर उसने संदेह व्यक्त किया था। इस की ओर भी मैं इशारा करना चाहूंगा। पंचायती राज में महिला भागीदारी का यह दशक हो। इस क्रम में मैं कहना चाहूंगा कि बिहार के संबंध में कलराज जी ने कहा था, मैडम, मैं दो मिनट अतिरिक्त चाहूंगा...इन्होंने कहा था कि बिहार में ऐसा नहीं हुआ हैं। मैं कुछ निवेदन करना चाहता हूं। महोदया, 73 वें सविंधान संशोधन के अनुसरण में वर्ष 1993 में बिहार पंचायत राज्य अधिनियम,1993 अधिनियमित किया गया एंव इसके आलोक में राज्य में वर्ष 2001 में त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए जिसके फलस्वरूप 37 जिला परिषदें, 531 पंचायत समितियां एंव 8,471 ग्राम पंचायतें जन आकांक्षाओं के जीवंत प्रतीक के रूप में राज्य के पटल पर अस्तित्व में आ गई। इन पंचायत निकायों से करीब 1.37 लाख जन प्रतिनिधि निर्वाचित होकर आए हैं जिनमें करीब 45 हजार महिलाएं हैं। इनमें अधिकांश युवा हैं एंव पहली बार अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ये जमीनी वास्तविकताओं से जुडे लोग हैं जिनमें जोश के साथ-साथ अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के सपने हैं तथा पंचायत राज व्यवस्था के माध्यम से अपने क्षेत्र के अनवरत विकास की आकांक्षा हैं।

महोदया, 45 हजार निर्वाचित महिलाओं में से 10,045 महिलाएं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग की हैं।

उपसभापति: यह बिहार में हुआ ?

डा.रमेन्द्र कुमार यादव"रवि": हां, मैडम ।

उपसभापति: अभी तो किसी ने कहा कि बिहार में....(**व्यवधान**)...

डा.रमेन्द्र कुमार यादव"रवि" : कलराज जी ने कहा था कि कोर्ट के आदेश से ऐसा हुआ था । ऐसा हुआ है, लेकिन उस समय मैं लड़ नहीं सकता था, मैंने केवल प्रोटेस्ट किया था । मैं सिर्फ इसकी सफाई देना चाहता हूं ।

महोदया, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद के सदस्य के पद हेतु महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान बिहार पंचायत राज अधिनियम 1993 में हैं । ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति के प्रमुख तथा जिला परिषद के अध्यक्ष के पद के लिए भी आरक्षण का प्रावधान हैं किन्तु माननीय उच्च न्यायालय के एक आदेश के आलोक में वर्ष 2001 के पचांयत चुनाव में इन पदों के लिए कोई आरक्षण का प्रावधान नहीं किया जा सका । इसके बावजूद 9 महिलाएं जिला परिषद अध्यक्ष, 11 महिलाएं उपाध्यक्ष, 51 महिलाएं पंचायत समिति की प्रमुख, 121 महिलाएं उप-प्रमुख एंव 86 महिलाएं ग्राम पंचायत के मुखिया के रूप में अपने दम पर जीतकर आई हैं । यह महिलाओं में बढ़ती जागरूकता एंव उनके प्रति समाज के बदले हुए दृष्टिकोण का परिचायक हैं ।

इसके अतिरिक्त राज्य में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या 8,471 है, निर्वाचित मुखियाओं की संख्या 8,471 है, ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों की संख्या 1,16,036 हैं, और उनमें महिलाओं की संख्या 40,472 हैं । इसी तरह राज्य में पंचायत समिति की संख्या 529 हैं, पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्यों की संख्या 11,612 है और उनमें महिलाओं की संख्या 3,954 है । इसी तरह राज्य में जिला परिषदों की संख्या 38 है, जिला परिषद के निर्वाचित सदस्यों की संख्या 1,162 है और उनमें महिलाओं की संख्या 389 हैं । इस प्रकार कुल मिलाकर सभी संस्थाओं में कुल निर्वाचित सदस्य 1,28,000 हैं और उनमें महिलाओं की कुल संख्या 44,415 है, यानी यह 33 प्रतिशत से ज्यादा हैं ।

इसी तरह बिहार में नगर निगमों की संख्या 5 हैं, कुल निर्वाचित सदस्य 210 हैं और उनमें महिलाओं की संख्या 70 है..(व्यवधान)...

उपसभापतिः आप ऐसा करिए कि ये डिटेल्स हाऊस को दे दीजिए ।

डा.रमेन्द्र कुमार यादव"रवि": जी, मैं ये डिटेल्स दे देता हूं । महोदया, नगर परिषदों की कुल संख्या 32 हैं, जिनमें कुल निर्वाचित सदस्यों की संख्या 866 हैं और उनमें से महिलाओं की संख्या 292 हैं । इसी तरह नगर पंचायतों की संख्या 80 हैं, उनमें कुल निर्वाचित सदस्यों की संख्या 1,132 है और उनमें से महिलाओं की संख्या 413 हैं । उन्होंने जानकारी के अभाव में यह आरोप लगाया था ।

उपसभापति:दु:ख की बात यह है कि पंचायती राज पर आज जो भाषण यहां हुए है, जिसकी वजह से 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण मिला था लेकिन सिवाय माया सिंह के, किसी भी पार्टी ने किसी महिला को बोलने के लिए नहीं कहा। यह बड़े दु:ख की बात है कि उनकी आवाज यहां सुनाई नहीं दी। उनको बोलना चाहिए था कि हमें इस बात की खुशी है कि इस आरक्षण से, 73 वें ओर 74वें संशोधन से हमें सत्ता में भागीदारी मिली। करीब 10 लाख महिलाएं सत्ता में भागीदार हुई जिनमें से 64-65 हजार महिलाएं सत्ता में बैठी हैं।

प्रो.राम देव भंडरी (बिहार):महोदया , मेरी पार्टी में 8 मेंबर है, उनमें से 2 महिलाएं है।

उपसभापति: आप बुलवाते कम हो उन्हें।

प्रो.राम देव भंडारी: समय बहुत कम है। आप समय दे दीजिए तो उन्हें बुलवा देते हैं।

उपसभापति: आप बुलवाइए, मैं समय देती हूं।

डा.रमेन्द्र कुमार यादव"रवि": महोदया, पंचायतों को प्राथमिक एंव मध्य विद्यालयों के निरीक्षण एंव पर्यवेक्षण, शिक्षकों की नियमित एंव ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने एंव विद्यालय के भवन निर्माण के लिए अधिकार तथा पंचायत शिक्षा मित्रों की नियुक्ति के अधिकार दिए गए हैं। छात्रवृत्तियों का वितरण ग्राम पंचायतों के माध्यम से, आगंनवाड़ी सेविकाओं का चयन ग्राम पंचायतों द्वारा, चापाकलों के स्थल चयन, मरम्मत व निर्माण की जिम्मेदारी पंचायतों को, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा इस हेतु गौरी योजना मद की राशि पंचायतों को उपलब्ध कराई जा रही है ।खाद, स्वास्थ्य, आपूर्ति एंव पुनर्वास, पर्यावरण व वन इत्यादि इसमें से कई महत्वपूर्ण पंचायतों के प्रति निर्धारित किए गए हैं। लेकिन एक चीज़ है, जैसा मैडम, मैंने आग्रह किया कि सत्ता, साधन और संविधान का विकेन्द्रीकरण हो, समान बंटवारा हो और जिसकी जितनी हिस्सेदारी हैं वह हो। उतना होने के बावजूद बिहार में चुनाव कराने के बाद भी दसवें वित्त आयोग में सरकार जो रूपए रिलीज करने वाली थी वह राशि आज तक विमुक्त नहीं की गई हैं। मैं आपके माध्यम से कहूंगा कि जिस सरकार ने केन्द्र सरकार के निर्देशों को अक्षरश: पालन किया उनको वह राशि विमुक्त होनी चाहिए। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री जी जिन्होंने यहां शानदार भाषण किया मेरा उनसे भी आग्रह है और माननीय केन्द्रीय मंत्री जी शरद यादव जी भी यहां बैठे हैं। और वे बिहार से आते हैं, उनसे भी आग्रह है कि वे बिहार को यह राशि शीघ्र विमुक्त कराएं।

उपसभापति:श्री सतीश प्रधान जी। आज ही खत्म करना हैं इसका सब लोगों को ध्यान रखना हैं।

श्री सतीश प्रधान(महाराष्ट्र): मैडम, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया। मैं अन्नासाहेब एम.के.पाटील को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि वे यह प्रस्ताव सदन के सामने चर्चा के लिए लाए। हम सदन में अलग-अलग विषयों पर

बहुत चर्चा करते हैं, निर्णय भी करते हैं । लेकिन स्थानिक स्वराज संस्थान के बारे में, उनके कारोबार के बारे में हम कभी यहां पर विशेष रूप से चर्चा नहीं करते । क्योंकि यह विषय राज्य सरकार हैं इसलिए नहीं करते । लेकिन राज्य सरकार का इस पर निर्वहन कैसा है यह कभी देखा नहीं जाता । आखिर हर आदमी की जो आवश्यकता है उसमें जो सबसे बड़ी महत्वपूर्ण बात है वह स्थानिक स्वराज संस्थानों से संबंधित हैं । हमारे बुजुर्गो ने जब स्थानिक स्वराज संस्थान की संकल्पना की थी तो स्थानिक स्वराज संस्थान की कल्पना करते समय इसको स्थानिक स्वराज कहा गया । यह स्वराज की ही छोड़ कर बाकी सब उधर हैं । मैं विलेज पंचायत में जाता हूं, पंचायत समिति में जाता हूं, जिला परिषद में जाता हूं, नगर पालिका में भी जाता हूं और नगरपालिका में तो मैंने 25 साल काम किया है, वहां अलग-अलग पदों पर काम किया हैं जहां मैंने काफी अनुभव किया हैं । महानगर पालिका में भी मैंने काम किया है औ इन सब जगह काम करते हुए मुझे महसूस हुआ कि हम कानून बनाते हैं लेकिन कानून बनाते समय या कानून बनाने के बाद यह नहीं देखते कि सत्ता के अधिकारों का विकेन्द्रीयकरण कितना हुआ । जब देखते हैं तो ऐसा मालूम पड़ता है कि सत्ता का विकेन्द्रीयकरण कितना हुआ । जब देखते हैं तो ऐसा मालूम पड़ता है कि सत्ता का विकेन्द्रीयकरण नहीं हुआ हैं । अभी जो हमारे प्रधान मंत्री श्री अटल बिहार वाजपेयी जी ने शुरू किया और कुछ केन्द्र सरकार की योजनाओं के जरिए जो काम शुरू किया उसका अधिकार पंचायत समितियों को दिया गया, ग्राम पंचायतों को दिया गया, नहीं तो इससे पहले कुछ नहीं थी सिर्फ नाम के लिए सब चल रहा था । मैं यह बताना चाहता हूं कि पंचायत समिति की जो रूल बुक है- पंचायत समिति का कानून है,नगर पालिका का कानून है- जो सरपंच हैं या नगर पालिका का अध्यक्ष है, उसको यदि यह बुक परचेंज करनी हैं खरीदनी है तो उसे म्यूनिसिपेलिटी के पैसे से ग्राम पंचायत के पैसे से इस बुक को खरीदने का अधिकार नहीं हैं । यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है लेकिन अलग अलग विषयों पर चर्चा होने के बाद भी अभी तक यह अधिकार उन्हें प्रदान नहीं किया गया । यह बहुत गंभीर बात हैं । जो लोकप्रतिनिधि होते हैं वे चुनकर आते हैं, सब लोग उनको चुनकर भेजते हैं, यहां भी लोगों द्वारा चुनाव होने के बाद लोग मंत्री बनते हैं । मंत्री बनने के बाद वे कुछ भी करते हैं, जो उन्हें चाहिए, मंजूर कर दिया जाता है, सैंक्शन कर दिया गया हैं । उनसे सदन में सब बातों का जवाब पूछा जाता है लेकिन जो उन्हें चाहिए, सैंक्शन कर दिया जाता है, मेयर या महापौर या नगर अध्यक्षया सरपंच या पूरे जिले का अधिकार जिसको दिया जाता है, जिला परिषद का अध्यक्ष, वह जिला परिषद की कानून की किताब नहीं खरीद सकता , इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात दुनिया में नहीं हो सकती । लेकिन यह हकीकत हैं । इस विषय पर सतर्क होकर जब आप कानून बनाते हैं, उन्हें बनाते समय, अन्नासाहेब पाटील जी, इस बात का भी प्रावधान करें, इस संबंध में विचार करें । मैं यह बताना चाहता हूं कि जो हमारे अधिकार हैं, वे हमें बताए जाते हैं । ये कैसे अधिकार दिये जाते हैं ? यह छोटी मछली और बड़ी मछली का खेल चल रहा हैं । बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती हैं, यह निसर्ग का सिद्वांत है, सबको मालूम हैं । यह कानून है, निसर्ग का कानून है । यहां राज्य सरकार कभी म्यूनिसिपेलिटी या जिला परिषद का अधिकार प्रदान करने की बात करती हैं । कभी कोई अच्छा मुख्य मंत्री आता है तो अधिकार प्रदान करने की बात करके उन्हें कुछ अधिकार दे देता हैं । अधिकार देने के कुछ दिनों के बाद दूसरी और चर्चा शुरू हो जाती है कि अधिकार दिया है, इसका दुरूपयोग होगा और अधिकार का इस्तेमाल होने के पहले ही उस अधिकार को वापिस लेने के लिए क्या करमा हैं, इस विषय पर चर्चा शुरू हो जाती हैं । मेरे यहां ठाणे डिस्ट्रिक्ट में भिंवडी में म्यूनिसिपल कारपोरेशन बन गयी हैं । महोदया, मैं वहां की एक बात बताना

चाहता हूं । वहां ऐसा होता था कि कोई नगराध्यक्ष बनाना है, नगरध्यक्ष का चुनाव चल रहा हैं, लोग उसकी वोटिंग कर रहे हैं । वोट देकर बाहर आते समय, उधर वहीं एक कमरे में एक दूसरी ऐप्लीकेशन लिखाई जाती है जो नो कॉन्फीडेंस ऐप्लीकेशन होती हैं ।उस पर सब मैंबर्स दस्तखत करते हैं जो उसको वोट देकर आए हैं । ऐसा होता है । यह लोकतंत्र में एक क्रूर चेष्टा हैं । किन्तु ऐसा होता है, यह हकीकत है । अगर ऐसा हो रहा है तो इसके लिए कानून में कुछ प्रावधान करने की आवश्यकता है । जैसे यह चलता है, उसी ढंग से नगराध्यक्ष या महापौर या और किसी को अधिकार देने की बात होती हैं । हमारे यहां महाराष्ट्र में जब हमारी सरकार थी तो मुम्बई के मेयर साहब को कुछ अधिकार प्रदान करने की बात हुई । उसके लिए कानून बनाया गया । उनके चार साल भी पूरे नहीं हुए और दूसरे गठबंधन की सरकार आ गयी । आने के बाद सबसे पहला काम उन्होंने यह किया कि मेयर साहब को प्रदान किए हुए अधिकार वापिस ले लिए । इस प्रकार स्थानिक स्वराज्य संस्थाओं के साथ सरकार के द्वारा जो खिलवाड़ चल रहा है, इसे बंद करने के लिए कोई पक्का, परमानेंट सोलूशन करने की जरूरत हैं । यह आवश्यक हैं इसलिए केन्द्र सरकार को इस विषय पर कुछ गाइडलाइन्स निकालने की प्रावधान करना चाहिए नहीं तो ऐसे काम नहीं चलेगा । इस ढंग से स्थानिक संस्थाएं नहीं टिकेंगी, खड़ी नहीं रह पाएंगी और कुछ काम नहीं कर पाएंगी । महोदया, मैं बताना चाहता हूं कि यह खेल कैसे चलता हैं । यह खेल ऐसे चलता है कि जैसे म्यूनिसिपेलिटी की या ग्राम पंचायत की कोई योजना बनती हैं । समझ लीजिए पानी की योजना बनाई तो पानी की योजना बनाने के बाद सरकार की तरफ से कहा जाता हैं कि आपके पास पूरे सुशिक्षित और अच्छा काम करने वाले अनुभवी इंजीनियर्स नहीं हैं । नगरपालिका को कहा जाता है, महानगरपालिका का कहा जाता हैं और बाकी सबको भी कहा जाता हैं । इसके लिए सरकार के पास पूरा कर्मचारी वर्ग है, अधिकारी वर्ग हैं तो आपके लिए यह दूसरा डिपार्टमेंट बनाया है और यह डिपार्टमेंट आपके लिए काम करेगा । यह ऊपर से देखने के लिए बहुत अच्छी योजना है लेकिन असल में क्या होता हैं ? यह जो सरकार की यंत्रणा हैं, यह जो कारोबार आपके लिए करेगी तो उसके लिए बीस टके से तीस टके तक ई.टी.पी.चार्जेज़ लेते हैं । मतलब अगर योजना हो गई एक करोड़ रूपए की तो उसमें से बीस से तीस लाख रूपए यदि एस्टेब्लिशमेंट डिपार्टमेंट के लिए खर्चा करना हैं तो वह काम कैसा होगा और क्या होगा ? और यदि सरकार इस ढंग से लेने वाली होगी तो इसका क्या होगा ? ...(समय की घंटी)...

मैडम, दो-तीन महत्वपूर्ण बाते और हैं । विकास अराखाड़ा हम बनाते हैं , यह रीजनल डेवलपमेंट ग्राउंड बनता हैं या नगरपालिका का अपना विकास अराखाड़ा बनता हैं । नगरपालिका या महानगरपालिका के विकास अराखाड़ा बनने के बाद इस अराखाड़े में यदि कोई चेंज करना हैं तो वह चेंज करने का अधिकार ज़िले के निमुक्त प्रतिनिधि को नहीं है, वह अधिकार राज्य सरकार अपने पास रखती हैं । राज्य सरकार इनसे पूछे बगैर उसमें जो चाहे वह चेंजेज़ कर लेती है, उनके ऊपर कोई कंट्रोल नहीं है । मुम्बई में या महाराष्ट्र में मुझे ऐसी कई म्युनिसिपल कारपोरेशन्स और म्युनिसिपल काउंसिल्स की जानकारी है जहां ऐसे बहुत बड़े पैमाने पर चेंजेज किए गए हैं । जैसे कि एक ज़मीन देखी जहां कारखाना चल रहा था, फैक्ट्री चल रही थी और इंडस्ट्री चल रही थी । वहां से प्रोडक्शन हो रहा था लेकिन अब उस ज़मीन का प्रोडक्शन बंद कर दिया, फैक्ट्री बंद कर दी और फैक्ट्री के बदले में वहां निवासी क्षेत्र बनाया गया हैं । इसमें लाखों करोड़ों रूपए का घोटाला हो जाता हैं और राज्य सरकार यह पूरी अपनी जिम्मेदारी पर करती हैं ।

इस विषय में म्ययुनिसिपैलिटी को या कारपोरेशन को पूछा तक नहीं जाता है । जब ऐसा करना है कि उसे निवासी क्षेत्र में बदलना है तो उस कानून में भी कुछ बदलाव लाने की आवश्कता होगी, नहीं तो उसका बहुत बुरा परिणाम होगा ।

मुझे यह भी कहना हैं कि राज्य सरकार के पास यह अधिकार होने से नगरपालिका के संबंध में इसका बहुत दुरूपयोग किया जाता है । जैसे यहां सदन में बहुत बार चर्चा होती हैं कि केन्द्र सरकार के पास राज्य सरकार को बरखास्त करने का अधिकार है, वह रहे या नहीं रहे आर्टिकल 356 में लेकिन राज्य सरकार भी यह देखकर कि यह अपने पक्ष का नहीं हैं तो किसी भी हालत में कानून का ख्याल न रखते हुए उसको बरखास्त कर देती हैं । मुझे ऐसे कई नगरपालिका क्षेत्रों की जानकारी हैं । हमारे यहां थाने में अम्बरनाथ नगरपालिका क्षेत्र हैं या उस क्षेत्र में नगरपालिका को गवर्नमेंट ने एक शो-कॉज़ नोटिस दिया, उसका मुकदमा चलाया । हाई कोर्ट तक मुकदमा चलने के बाद कि वह आरोप गलत हैं, उसे विदड्रॉ करना पड़ा । इतना होने के बाद भी फिर से दोबारा वहीं चार्जेज़ रखकर सरकार ने अम्बरनाथ म्युनिसिपैलिटी बरखास्त करा दी । दोबारा, वहीं कानून...हाई कोर्ट का निर्णय देने के बाद भी । कोई ऐसा कानून नहीं हैं, कोई आर्बिट्रेरी निर्णय नहीं ले सकता हैं, कानून के मुताबिक निर्णय करों Quasi judicial inquiry करने का प्रावधान हैं कानून में लेकिन Quasi judicial inquiry भी नहीं होती । ये कुछ भी नहीं करते और इन्होंने एक दिन सीधा निर्णय कर दिया कि कल से अम्बरनाथ नगर क्षेत्र में अधिकारी नहीं बैठेगा । ये जो कारोबार चलता है, यह कैसे चलेगा ? उल्हास नगर म्युनिसिपल अधिकारी नहीं बैठेगा । ये जो कारोबार चलता हैं, यह कैसे चलेगा ? उल्हास नगर म्युनिसिपल कारपोरेशन का उदाहरण देना चाहूंगा कि वहां एक स्क्रीनिंग कमेटी होती थी कि वहां लैंड के जो मामले हों, उसके निर्णय वहां किए जाएंगे । सरकार ने एक दिन अचानक निर्णय ले लिया कि अब उसकी आवश्यकता नहीं हैं और स्वतंत्रता मिलने के पचास साल पूरे हो गए हैं, अब पचास साल के बाद लैंड ट्रांज़ैक्शन करना हैं तो इसकी कोई ज़रूरत नहीं हैं, सरकार समर्थ होगी और निर्णय कर सकेगी । वह कमेटी बर्खास्त कर दी है और बर्खास्त करने के अभी परसों वह फिर से दोबारा पुनर्गठित की हैं । पहले कमेटी में वहां के एमपी रहा करते थे, वहां के एमएलए रहा करते थे, वहां के नगर अध्यक्ष रहा करते थे । ये सब लोक प्रतिनिधि उस कमेटी में रहा करते थे । अब यह निर्णय किया है कि ये सब उस कमेटी में नही रहेंगे । एमएलए और उसके चार आदमी काम करेंगे । यही काम करेंगे और दूसरा कोई नहीं करेगा ।...(**व्यवधान**)...इस प्रकार से जो कारोगार चलता हैं । यह कारोबार गलत है और ऐसा कारोबार नहीं चलना चाहिए । इसके लिए गाइडलाइन देने वाला कानून हम यहां बनाकर दें या अपने पास पूरा अधिकार लेकिन इन सभी स्थानीय संस्थाओं के लिए ठीक से परिस्थिति का निर्माण करने वाला हम कानून बनाएं । यह मेरा आग्रहपूर्वक कहना हैं । यह जल्दी से जल्दी हो । इसके लिए मैं प्रार्थना करता हूं । मैडम, मेरा यह एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा हैं कि हमारा अधिकार एक लोक प्रतिनिधि को चाहिए । यदि लोक प्रतिनिधि को नहीं रखने दें तो इसके लिए एक कानून बनाकर दें और एडमिनिस्ट्रेशन को, म्युनिसिपल कमिश्नर को, म्युनिसिपल चीफ आफिसर को या चीफ एग्जिक्यूटिव आफिसर को, जिला परिषद को, ब्यूरोक्रेसी को सबको दिए जाएं । ब्यूरोक्रेसी को अधिकार देने का यह परिणाम हो रहा हैं । वहां पर भी जिसके लिए ये अधिकार दिए गए थे उनका उपयोग ठीक ढंग से होना चाहिए । हमारे यहां कमिश्नर को दस लाख अधिकार दिया गया हैं । लेकिन दस लाख का अधिकार देने के बाद ऐसी उपेक्षा है कि एक करोड़ सीधा बनना हैं तो उसके लिए ब्यूरोक्रेट्स को एक ही काम होगा । अगर एक करोड़ सीधा बनाना हैं तो इसके लिए दस-दस लाख के काटकर

यदि सौ पीस बनाए जांए और वह काम किया जाए तो वह कानून से नहीं होगा, वह गलत हैं। लेकिन ये कमिश्नर लोग उसी ढंग से करते हैं और उनका गवर्नमेंट भी साथ देती है। यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना हैं। इसलिए इसको कंट्रोल करने की आवश्यकता हैं। यह सब सोचकर लोक प्रतिनिधि पर पूरा विश्वास रखकर हम कानून में कुछ परिवर्तन करें। यह मेरे कहने का मतलब था। आपने मुझे समय दिया, आपको फिर से धन्यवाद देता हूं।

उपसभापति: श्रीमती माया सिंह। आप आगे से बोल लीजिए। पीछे से माईक की आवाज ठीक नहीं आएगी। एक तो महिला बोल रही हैं तो कम से कम आगे से बोलें। ...(**व्यवधान**)...आपका प्रमोशन हो रहा हैं।

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश) : उपसभापति महोदय, सबसे पहले मैं इस चर्चा को आयोजित करने की पहल करने के लिए केन्द्र सरकार को बधाई देना चाहती हूं। भारतीय लोकतंत्र ने लगभग दस वर्ष पहले एक प्रयोग किया था। संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के माध्यम से जो नया प्रयोग था, इसके द्वारा संविधान निर्माताओं द्वारा स्थापित द्विस्तरीय व्यवस्था को बदलकर त्रिस्तरीय संघीय व्यवस्था कायम की गई। इन दो संशोधनों में कुछ हद तक संविधान का मूल ढांचा ही बदल दिया गया। इस परिवर्तन के लिए निर्देश संविधान के अनुच्छेद-40में, संविधान निर्माताओं ने दिए। अतः इन संशोधनों को संविधान की मूल भावना के अनुरूप माना गया। संविधान निर्माता शायद चाहते थे कि आने वाली पीढ़ियां व्यापक विचार-विमर्श कर, पंचायतों के संबंध में प्रावधान करें। लगभग 42 वर्षो तक विचार-विमर्श करने के बाद 1992 में संसद में अनुच्छेद-40 के नीति निर्देशक तत्वों के अनुरूप ये प्रावधान किए। इस दृष्टि से देखें तो 73वां और 74वां संशोधन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र की गौरगाथा में एक मील का पत्थर हैं। महोदय, मैं इसमें एक सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु जिस पर चर्चा करना चाहूंगी और 73वें और 74वें संशोधन अधिनियमों की भूरि-भूरि प्रशंसा इसलिए करना चाहूंगी ...। क्योंकि विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण इन दो संशोधनों, अधिनियमों के माध्यम से दिया गया जिसके द्वारा आज दस लाख महिलाएं पंचायतों में और स्वायत्त संस्थाओं और नगरीय निकायों में जीतकर आई। यह विश्व का सबसे बड़ा प्रतिनिधि आधार हैं। महिला आरक्षण के इस कदम के लिए मैं तत्कालीन सांसद और समस्त राजनीतिक दल, जिन्होंने इसका समर्थन किया, उन्हें बधाई देना चाहती हूं। पिछलें दस वर्षो में पंचायतों एंव नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण के कारण, महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ी हैं। महिलाओं ने अपनी लगन और कार्यकुशलता से इन स्वशासी संस्थाओं को मजबूत किया हैं। मैंने बहुत सारे प्रांतों और गांवों में जाकर देखा हैं कि महिलाओं ने किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष करके समाज की सेवा की। इन संस्थाओं, इन तंत्रों के माध्यम से सराकर की सेवा की और समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। महोदय, हम सब जानते हैं कि पिछले दस वर्षो में महिलाओं पर अत्याचारों में लगातार वृद्वि हुई हैं। मुझे बहुत शर्मिन्दगी होती हैं कि मैं जिस प्रदेश से आती हूं, मध्य प्रदेश महिला उत्पीड़न और अत्याचार में नंबर वन पर हैं। कई स्थानों पर महिला पंच और सरपंच को प्रताड़ित करने, अपमानित करने, मारने, पीटने और यहां तक कि...(**व्यवधान**)...

कुमारी मैबल रिबैला(मध्य प्रदेश): क्या बोल रही हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री मती माया सिंह: नहीं, मैं सच बोल रही हूं । मैं कुछ उदाहरण भी दूंगी ।

कुमारी मैबल रिबैलो:जो आप एलीगेशन लगा रही हैं वे सब्सेटैंशिएट कीजिए । आप डिटेल्स निकालिए, डॉक्यूमेंट्स दीजिए...(**व्यवधान**)...

श्री मती माया सिंह: पहले मुझे बोलन दीजिए...(**व्यवधान**)....

श्री कलराज मिश्र: महिला को महिला नहीं बोलने देती हैं ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती माया सिंह: महोदय, अगर आप मुझे इजाजत दें तो मैं कहना चाहूंगी यह बिल **से** संबंधित बात हैं । मैं माननीय सदस्या से कहूंगी कि आप थोड़ा धैर्य से सुनें और फिर आगे की बात भी सुनें । मुझे इजाजत दें तो मैं आपको कुछ उदाहरण देना चाहूंगी । खण्डवा जिले की गुजरखेड़ी पंचायत की अनुसूचित जाति की महिला सरपंच के साथ चार लोगों ने रेप किया, मध्य प्रदेश में विदिशा जिले की मदनखेड़ी में अनुसूचित जाति महिला पंच हुल्लीबाई के साथ बलात्कार की घटना, रायगढ़ के गोपाल कार्यक्रम के दौरान महिला सरपंच को वहां निर्वस्त्र करके निकाला गया । खरगौन जिले में जनपद की अध्यक्ष हैं – मुझे कहते हुए ग्लानि व शर्म महसूस होती हैं कि जनपद की अध्यक्ष शांतिबाई बारसिया की पिटाई की गई । इसके साथ-साथ सरंपच द्रौपदीबाई को कुछ राजनैतिक दल के व्यक्तियों ने भरी चौपाल में निर्वस्त्र करके घुमाया । इसी तरीके से बहुत सारी घटनाएं हैं । शिवपुरी में जनपद की अध्यक्ष नब्बों जाटव की सार्वजनिक रूप से गावं में जूतों से पिटाई की गई, बैतूल में गगरेल की पंच सुखियाबाई ने भ्रष्टाचार से त्रस्त आकर – वहां का जो पंचायत सचिव अधिकारी था, वह उससे पैसे मांगता था- उससे त्रस्त आकर उस महिला ने सब तरफ अपनी गुहार कही लेकिन जब नहीं सुनी गई तो उसने मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या कर ली...(**व्यवधान**)...

कुमारी मैबल रिबैलो: जहां ऐसा हुआ हैं...(**व्यवधान**)...वहां इनकी पार्टी ...(**व्यवधान**)...कई लोगों का हाथ है...(**व्यवधान**)...

उपसभापति: देखिए, जो भाषण कर रहे हैं ...(**व्यवधान**)...अगर महिलाओं के साथ ....(**व्यवधान**)...प्लीज़ एक मिनट जरा...(**व्यवधान**)...सवाल यह है कि केवल एक ही महिला बोल रही हैं । हम लोग आरक्षण के बारें में बहुत तारीफ करते हैं कि दस लाख महिलाओं की सत्ता में भागरीदारी हो रही हैं । अगर उन महिलाओं की सता में भागीदारी होने के बावजूद भी कोई समस्या आती हैं, उनके साथ शोषण होता है तो हमें उसे बोलने में कोई शर्मिन्दगी नहीं होनी चाहिए । जैसे पार्टी और पोलिटिक्स से ऊपर उठकर इस सदन में भाषण हुए हैं....(**व्यवधान**)...हमें उसी भावना से भाषण करना चाहिए । अगर आपको लगता हैं कि वे हाउस में कोई गलत बयानी कर रही हैं तो आपके पास उसके तरीके हैं । आप उनके खिलाफ प्रिविलेज नोटिस ला सकते हैं कि यह इन्होंने गलत बात कही है...(**व्यवधान**)...एक मिनट रूकिए, जब मै बोल रही हूं तो आप भी थोड़ा ध्यान दीजिए । यह महिलाओं का मामला हैं और वे भी अनुसूचित जनजाति की महिलाएं हैं, बैकवर्ड हैं, हरिजन हैं,अगर उनके ऊपर कोई अत्याचार होता हैं तो हम सब लोगों को, चाहे किसी भी स्टेट में हो रहा हो, हमें इसके ऊपर कुछ न कुछ टिप्पणी

करनी चाहिए । यह सोच कर कि यह मेरी आपकी या उसकी स्टेट में हुआ हैं, उसको कवर कर देना, मैं मुनासिब नहीं समझती । आप सब्टेंशिएट करके बोलिए, कोई गलत चीज़ न बोलिए ।...(**व्यवधान**)....

SHRIMATI AMBIKA SONI (NCT of Delhi) : Madam, I agree with you. You are hundred per cent right that anywhere, if a woman is exploited or any untoward incident takes place with a woman, we should look at it above partisan politics. But, I am afraid that hon. Member, in the course of her enumerating the incidents, which have taken place against women, has definitely given a political tone to the whole issue. She is not saying, "Despite all these things, I am glad to say that, at the same time, the Government in office took stringent steps against the perpetrators of the crime." If she had said this, I would have accepted what you are saying because you have said the right thing. But, she has deliberately tried to create a wrong impression in this House.

श्रीमती माया सिंह: उपसभापति महोदया मैं मध्य प्रदेश से हूं ।महिलाओं की पीड़ा हम सब की पीड़ी हैं । मैंने किसी राजनीतिक दल का नाम नही लिया हैं । इसलिए मैं चाहती थी कि इस मसले पर मुझे उस पक्ष से भी सहयोग मिलेगा । मैं यह कहना चाहती हूं कि एक तरफ तो निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ...(**व्यवधान**)....

उपसभापति: देखिए, अभी सुन लेने दीजिए । आपका समय आएगा । मैं बहुत खुश हूंगी कि आप अपने भाषण में, आप भी उसी स्टेट के हैं, मैं भी उसी स्टेट में पैदा हुई हूं, मैं भी यह चाहूंगी कि आप, अगर कोई बात गलत हुई है तो आप उसकी पुष्टि कर दीजिए, सही कर दीजिए । मैंने उनको अम्बिका जी को इजाजदी कि वे बोल दें । सवाल यह है कि एक ऐसे माहौल में चर्चा हो कि अगर खराबियां हो तो उसको उजागर तो हमें करना ही चाहिए We cannot brush them under the carpet. I know that there are a lot of women, who get elected, are treated very badly in the Panchayat Samitis. It is a fact. Let us not deny it; let us be very honest about it.

श्रीमती माया सिंह: उपसभापति महोदया, एक तरफ तो निर्वाचित प्रतिनिधि महिलाओं के साथ इस तरीके का व्यवहार किया जाता है और दूसरी तरफ इसे विनोद का विषय या मज़ाक का विषय बनाया जाता है, कई उपनाम दिए जाते हैं, जैसे कि महिलापति वगैरह । लेकिन मैं यह कहना चाहती हूं कि पंचायतों में 33 परसेंट आरक्षण का लाभ हम महिलाओं को मिला और जो महिला घर की चारदीवारी में रह कर काम कर रही हैं, उसको अचानक राजनीतिक क्षेत्र में आरक्षण मिलने के बाद राजनीति में जब वह कदम रखती हैं और कदम रखने के बाद वह अपने पति से, भाई से या पिता से, किसी से सहयोग लेती हैं तो मैं इससे कोई बुराई नहीं समझती हूं ।

5.00 p.m.

लेकिन आज स्थिति बिल्कुल इसके विपरीत हैं । महिलाओं ने भी हिम्मत और साहस से इन सब का सामना किया है और तनिक भी विचलित नहीं हुई हैं । यह बतलाते हुए मुझे खुशी होती हैं कि इस बार हमारे यहां पर महिलाएं अनारक्षित सीटों पर भी जीत कर आई हैं, जो यह सिद्व करता हैं कि आरक्षण का सहारा लेकर जो महिलाए राजनीति में आई उनमें से कइयों ने अपनी योग्यता, क्षमता, लगन एंव कड़े परिश्रम के आधार पर अपना स्थान बनाने में कामयाबी हासिल की हैं । मैं यह आशा करती हूं कि महिला आरक्षण के इस सफल प्रयोग के बाद आगे भी विधान सभा और संसद में महिलाओं को इस 33 परसेंट आरक्षण का लाभ मिले, इसके लिए भी मैं सदन से और सभी पार्टियों के सांसदों से विशेष आग्रह करना चाहूंगी । इन अधिनियमों का उद्देश्य, जैसा कि अनुच्छेद 40 में निर्देशित हैं कि पंचायतो एंव नगरीय निकायों में ऐसी शक्तियां और अधिकार प्रदान करना, जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों ।पर जमीनी सच्चाई यह है कि पंचायतों में, नगरीय निकायों में स्वायत्तता अत्यतं ही सीमित हैं । अधिकतर देखा जाता है कि जिले के कलेक्टर, तहसील का बीडीओ या अन्य अधिकारीगण निर्वाचित प्रतिधियों पर रौब गांठते हैं और इसके पीछे मैं दो प्रमुख कारण मानती हूं – एक तो वित्तीय और दूसरा अनुशासन । भाग 9 एवं 9 (क) के अंतर्गत राज्य विधान मंडल द्वारा जो कानून बनाए गए हैं उनके पंचायंतो एंव नगरीय निकायों को वित्तीय रूप में पूर्णतः राज्य सरकार पर आश्रित बना दिया हैं । संविधान के अनुच्छेद 243 (झ) एंव 243(म) में वित्त आयोग से संबंधित प्रावधान हैं परंतु ये काफी कमजोर हैं । न तो वित्त आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रावधान हैं और न ही वित्त आयोग की सिफारिशों को बंधनकारी बनाने के लिए कोई प्रावधान हैं । यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि राज्य सरकारें मनमानी करने के लिए स्वंतत्र हैं । यदि किसी संरपच से जो उस स्थान का जिलाधीश है, नाराज हो जाए तो उस पंचायत को मिलने वाली सारी की सारी अनुदान बंद हो जाती हैं । यह हकीकत हैं, महोदया। जिस पंचायत पर वे खुश हो जाएं तो बजट की मूसलाधार बारिश कर देते हैं और किसी के सारे बजट रोककर उसे सूखे जैसे पीड़ा भोगने के लिए मजबूर कर देते हैं । इस मनमानी के विरूद्व बेचारे पंच, सरपंच न तो किसी न्यायालय में जा सकते हैं, न वित्त आयोग में जा सकते हैं और न ही केन्द्र सरकार को गुहार कर सकते हैं । वित्तीय नियंत्रण की इस चाबुक के बावजूद यदि किसी संरपच या पंच में कुछ आत्मसम्मान होता है तो उसे शीश झुकाने के लिए विवश किया जाता है क्योंकि राज्य सरकार के अधिकारियों के पास पद से हटाने की शक्ति का एक ब्रह्मास्त्र हैं । यह लोकतंत्र का मज़ाक ही कहा जाएगा कि एक नौकरशाह को यह अधिकार हैं कि वह एक निर्वाचित प्रतिनिधि को कारण बताओं नोटिस देकर आतंकित कर सकता हैं । दूसरी ओर मैं यह कहना चाहूंगी कि संविधान की 11वीं अनुसूची में जो 29 अधिकार पंचायतों को दिए गए हैं, उनमें से आधे उन पंचायतों को अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं । प्रतिनिधियों को यह अधिकार प्रदान कर उन्हें अधिकार सम्पन्न और जवाबदेह बनाया जाए ताकि राज्य सरकारों की निष्क्रियता और उदासीनता से पंचायत राज्य संस्थाएं मुक्त हो सकें ।

उपसभापति महोदया, मेरा एक और सुझाव हैं कि पंचायत राज्य व्यवस्था के विकास व सुदृढ़ीकरण के लिए एक राष्ट्रीय आयोग का गठन होना चाहिए ताकि उसके माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था की सभी समस्याओं का निराकरण हो सके और राज्य सरकारों के अनुचित हस्तक्षेप पर रोक लग सकें ।

जिला परिषद के अध्यक्ष का जो निर्वाचन होता है, इसी तरीके से ब्लॉक के या जो जनपद के अध्यक्ष का निर्वाचन होता है, वह डायरेक्ट होना चाहिए, जनता के द्वारा कानून बनाकर किया जाना चाहिए । ज्यादातर यह होता है कि जो जिला परिषद के अध्यक्ष चुने जाते हैं उस चुनाव में जो 6 मैंम्बर वोट देते है,उन पर बहुत दबाव आ जाता है । कभी- कभी क्या होता है कि जो जिला परिषद का अध्यक्ष बनना चाहता हैं वह तीन-चार वोटर्स को पकड़कर कही ले जाता है, छुपाकर रख देता है । इस भारी दबाव के अंदर यह चुनाव निष्पक्ष नहीं हो पाता हैं । इसलिए मेरा यह कहना है कि जिला परिषद के अध्यक्ष और ब्लॉक पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव सीधा जनता के द्वारा कराया जाना चाहिए ताकि पारदर्शिता को बढ़ावा मिले और भ्रष्टाचार पर रोक लग सकें ।

चौथा है केन्द्र सरकार पंचायत राज प्रतिनिधियों को वित्तीय व प्रशासनिक शाक्तियां प्रदान करे ताकि यह तंत्र तमाम खामियों के बावजूद भी जो इन्हें कार्य सौंपा गया है, क्षेत्र के विकास के लिए जो वे संस्थाएं बनाई गई है, ये स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से अच्छा कार्य कर सकें। जितनी भी केन्द्र सरकार की योजनाएं हैं, जो प्रदेश में चल रही हैं, उन पर सीधा हस्तेक्षप केन्द्र का होना चाहिए ताकि मनमानी न हो सके,पैसे का दुरूपयोग न हो सके । जिस योजना का पैसा है वह उसी में खर्च हो । अमूमन देखा गया है कि जिस योजना का पैसा आता है, उस योजना में खर्च न होकर वह पैसा दूसरी मदों में खर्च होता हैं । तो इस पर निगरानी जरूर रखी जानी चाहिए । हमने यह भी देखा है कि जो सांसद, प्रतिनिधि जिला परिषद और जनपद में बनाए जाते हैं, उनके पास कभी सूचनाएं ही नहीं आती हैं । उन्हें मीटिंगो में बुलाया नहीं जाता हैं, एक शिकायत यह भी आम तौर पर सुनने में आई हैं । एक उदाहरण मैं देना चाहूंगी कि हमारे यहां समितियां इतनी ज्यादा बना दी गई हैं कि समितियों में एक सरपंच के लिए महीने में 15 बार बैठक बुलाना नामुमकिन सा होता है । उन बैठकों में लोग आते नहीं हैं क्योंकि गावं वालों को बैठकों में आने की इतनी ज्यादा फुरसत नहीं होती हैं । इसलिए वहां पर नियमानुसार काम नहीं हो पाता है, मनमानी चलती हैं और घर पर बैठकर ही बैठकें हो गई हैं, इस बाबत हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं । इस और भी थोड़ा सा ध्यान दिया जाना चाहिए और इस व्यवस्था को दुरूस्त करने की ओर कदम उठाए जाने चाहिए ।

महोदया,इसी तरीके से जो मध्याह्न भोजन की बात है, मध्याह्न भोजन का प्रावधान हर गांव में हैं और इसकी व्यवस्था सरपंचों के माध्यम से होती हैं । लेनिक सरपंचों को इसके लिए साल-साल भर कोई राशि नहीं दी जाती है, न ही पेंमेट किया जाता हैं । ऐसी हालत में वे किस तरह से मध्याह्न भोजन की व्यवस्था करें ? जिला कलक्टर और अधिकारी लोग जोर-जबर्दस्ती करते हैं और उनके निलंबन की घौंस देते हैं । जहां मध्याह्न भोजन का वितरण होता है, किन बच्चों को वह भोजन दिया गया, दो बच्चों को या चार बच्चों को दिया गया, इसका कुछ पता नहीं होता । किस तरीके से मध्याह्न भोजन का वितरण हुआ और कैसा भोजन बच्चों को मिला, इसकी मॉनीटरिंग कैसे होगी ? साल भर के बाद इसका बिल बनता हैं । अब आपने 2 किलों बांटा या 4 किलों बांटा और बिल बनते हैं दस-दस किलो के । इस तरह से इन व्यवस्थाओं में जो कमिंया है, ये कमियां किस तरह से दूर हों, मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहती हूं ।

. महोदया, जिस तरीके से सांसदों और विधायकों को वेतन मिलता है, वैसे ही सरपंचों को भी मानदेय मिलता है। लेकिन छह-छह महीने हो गए हैं सरपंचों को मानदेय मिले हुए ।सरपंच क्या काम करेंगे ? पंचायतों में भी इसी तरीके से टैक्स लगाने के नियम बनाए गए हैं कि जो सब्जी बेचने वाला हैं, उसके ऊपर टैक्स लगाइए । अगर जानवर मरता हैं तो उसके ऊपर टैक्स लगाइए ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) पीठासीन

वहां पर न तो कोई लेता है और न कोई देता है लेकिन इस तरह के नियम बने हुए हैं। इस तरह के नियम क्यों बने हुए है जिन पर कोई अमल ही नहीं हो रहा हैं ? अगर गांव में कोई हैंडपंप खराब हो जाए तो सरपंच सुधरवाए । सरपंच के पास कोई मैकेनिक नहीं होता है जो इसे सुधारे । विभाग के अधिकारी भी सरपंच की सुनते नहीं हैं । जो मैकेनिक हैं वे तनख्वाह पाते हैं सरकार से और काम करवाए सरपंच । अब चार-चार सरपंचों के नीचे एक मैकेनिक होता है तो वह किसकी सुने? स्थिति इतनी बिगड़ती है कि महीनों तक हैंडपंप खराब पड़े रहते हैं । उन्हें कोई दुरूस्त नहीं करता । इसी तरह की स्थिति ट्रांसफॉर्मर के बारे में भी हैं ।

महोदय, ग्रामीण क्षेत्र का, पॉयलट प्रौजेक्ट का जो पैसा राज्यों को दिया जाता है, उसमें भी कहा गया है कि सरंपच और ग्राम सभा के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जाएगी लेकिन कार्यपालन अधिकारी ही ये सारे काम करते हैं । वह जैसा चाहेंगे, वैसा करेगें । पेयजल के पैसों से गाड़ियां खरीदी जा रही है और प्रचार-प्रसार के लिए पैसे बरबाद किए जा रहे हैं ।

मेरा कहना यह है कि हमने जिस मकसद से यह व्यवस्था कायम की है, वह व्यवस्था सही तरीके से काम करे और उसमें जो खामियां हैं, उन खामयों को हम दूर करें । इसीलिए इन 10 वर्षो की प्रगति पर, क्या हमने पाया है, इससे क्या फायदे हुए हैं, क्या नुकसान हुए हैं, इस बारे में आज हम यहां चर्चा कर रहे हैं । इसलिए मैं इन बातों की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूं ।

महोदय, एक और महत्वपूर्ण बात की ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूं कि केन्द्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिए थे कि ग्राम विकास के कार्यक्रमों को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियां और सतर्कता समितियां बनाई जाए । उनके अध्यक्ष वहां के चुने हुए लोकसभा के सदस्य होंगे । परंतु मैं एक उदाहरण देना चाहूंगी कि दिल्ली में अभी तक ये समितियां नहीं बनाई गई । नौ जिलो की विकास समितियां दिल्ली में बनी हैं जिनका अध्यक्ष संसद सदस्य के बजाय स्थानीय विधानसभा सदस्यों को बनाया गया है । मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहती हूं कि आपने जो अनुदेश दिया था, जो व्यवस्था बनाई थी जिसका पालन नहीं होता है और उनमें भी राजनीति चलेगी तो इस तरह से विकास कार्य तो सब एक तरफ रखे रह जाएंगें ।

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश):दिल्ली प्रदेश में पालन नहीं हो रहा हैं ।

श्रीमती माया सिंह: नहीं, दिल्ली प्रदेश का मैंने एक उदाहरण आपको दिया। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण के बारे में जो बात कही है, मैं तो चाहती थी कि यहां सदन में जो भी हमारी माननीय सदस्या मौजूद हैं वे इस पीड़ा का अनुभव भी स्वंय करती होंगी और यहां सदन में हम यह आग्रह करेंगे कि इस तरह की चुनी हुई जनप्रतिनिधि महिलाओं के साथ इस तरह की जो घटनांए होती हैं उन घटनाओं को रोकने के लिए जब हम इनकी खामियों के बारे में चर्चा कर रहे हैं तो कुछ इस तरह के कदम उठाए जांए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। महिलाएं पंचायतों में अच्छा काम कर सकें इस बारे में उनके लिए जागरूकता के कार्यक्रम और प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाए जांए। मैं एक और उदाहरण देना चाहती हूं कि अविश्वास के जो प्रस्ताव चुने हुए जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लाए जाते हैं उसमें ज्यादातर महिलाओं के खिलाफ ही इस तरह के प्रस्ताव जाए जाते हैं। सागर की एक महापौर है उनके खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया था।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) **:** वह अभी कोर्ट में केस चल रहा हैं, उस पर मत बोलिए।

श्रीमती माया सिंह: उपसभाध्यक्ष महोदय, इतना कहना चाहूंगी कि आज जिस विषय पर सरकार ने पहल की हैं और जिस विषय पर चर्चा कराई है यह अत्यन्त ही महत्वपूर्ण विषय है और इसमें जितनी भी बातें हम सब की नज़र में आई हैं और जो हमारे पूर्व वक्ताओं ने रखी हैं, मुझे पूरी आशा है कि हम सब उन खामियों का ध्यान रखते हुए भविष्य में एक संशोधन प्रस्ताव लाएंगे ताकि उनको रोका जा सके। आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया उसके लिए धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी)**:** श्री बालकवि बैरागी। इससे पहले में सदन की राय लेना चाहूंगा कि क्या इस महत्वपूर्ण विषय पर हम लोग यहां चर्चा जारी रखें और सभी वक्तागण आज बोल लें और माननीय मंत्री जी कल इसका उत्तर दें ?

श्री एस.एस. अहुलवालिया: आज चर्चा समाप्त कर ली जाए और कल मंत्री जी इसका उत्तर क्वेश्चन ऑवर के बाद दे दें।

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I am sorry; I do not want to interfere. Let the debate be concluded. The House should be full, otherwise लोग देखेंगे कि इनको रूचि नहीं हैं बोल कर चले गए हैं। I agree with you. Let the speakers speak up to 5.30 or 6.00 or whatever time the hon. Chair prescribes and tomorrow, we will have the reply so that the entire House will b^ there. *...(Interruptions)...*

DR. M.N. DAS (Orissa) : May I know how many speakers are there?

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): अभी 6-7 वक्ता हैं । ठीक है, इसका उत्तर माननीय मंत्री जी कल दें देंगे ।

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया । यह विषय महत्वपूर्ण हैं तथा इसमें एक दिलचस्प तथ्य है और इस दिलचस्प तथ्य की ओर भी आपका और हमारा ध्यान जाना चाहिए । महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जिस 73वें और 74वें संशोधन का जिक्र किया जा रहा है उस 73वें और 74वें संविधान संशोधन के अन्तर्गत ये सारी व्यवस्थाएं देश में लागू हुई थी । भारत की राजनीति और भारत की राजधानी में यह समय उस तौर पर याद रखा जाएगा कि जब इस देश का प्रधान मंत्री सबसे कम और सबसे युवा उम्र का व्यक्ति था जिसको सारा देश और सारा संसार राजीव गांधी के नाम से जानता है । ये इस संसद में प्रधान मंत्री थे और उन्होंने यह संविधान संशोधन पास करवाया और यह महत्वपूर्ण कानून इस देश को दिया । इस तथ्य पर हमारा सब का ध्यान जाना चाहिए कि जिस समय आज हम 10 साल के बाद इस कानून की, संशोधन की समीक्षा की रहे हैं उस समय भारतवर्ष के इतिहास में सबसे कम उम्र के उस व्यक्ति-इस देश के प्रधानमंत्री , युवा और सबसे कम उम्र के व्यक्ति ने संशोधन कराया । कानून लागू किया और सबसे वयोवृद्व प्रधान मंत्री की उम्र में तथा कार्यकाल में हम इस पर विचार कर रहे हैं, समीक्षा कर रहे हैं । यह एक संयोग हैं और मैं मानता हूं कि इस संयोग का लाभ हम सबको मिलना चाहिए । मैं, सरकार ने जो प्रस्ताव यहां पर रखा हैं – पाटील साहब ने, पंचायत मंत्री जी ने- इसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं और बधाई देता हूं कि आपने एक सही समीक्षा यहां पर करने की कोशिश की हैं । कुछ बातें महत्वपूर्ण हैं । अभी मुझसे पहले सामने की ओर से हमारी महत्वपूर्ण और बहुत सम्माननीय सदस्या माया सिंह जी कुछ बोल रही थीं । मध्य प्रदेश के बारे में उन्होंने कुछ ज़िक्र किया , उन्होंने चार उदाहरण दिए । मैं प्रतिवाद के लिए खड़ा होता तो शायद कटुता बढ़ जाती । मैं उन सबके उत्तर दे सकता हूं और उत्तर मेरे पास है । उन चारों प्रकरणों में मुख्य मंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी ने जिस तत्परता से कार्यवाही की, उस कार्यवाही का लेखा-जोखा यदि हम सदन में प्रस्तुत कर देंगे तो पता नहीं अपराधियों के तौर पर किन-किन राजनैतिक दलों के लोग सामने निर्वसन होकर खड़े हो जांएगे । मैं चाहता हूं कि यहां पर सदन में हम कटुता और उत्तेजना की बात नहीं करें । बहुत गंभीरता के साथ दिग्विजय सिंह जी की सरकार ने इस पंचायत अधिनियम को भी लिया है, संशोधन को भी लिया है और मध्य प्रदेश की सरकार ने देश की सरकारों के सामने एक उदारण पेश किया है । मैं अपनी बात सिलसिले से शुरू करूं । मुझे सिर्फ एक बात निवेदन करनी हैं । एक प्रावधान इस संशोधन में है, ग्राम सभा का । मै पंचायत मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं, एक प्रार्थना करना चाहता हूं, प्रधान मंत्री जी से भी और आप सबसे भी संसद से भी कि भारतवर्ष में जैसा कि हमारे हाथ में पेपर हैं, हम देख रहे हैं, 30 लाख आरक्षित पदों पर हमने सरपंचों को भरा और हम देखते हैं कि उमसें कम से कम दस लाख महिलाएं पंचायमों में बैठी हुई हैं । यह सत्य और तथ्य है । लेकिन पौने छः लाख गांवों के देश भारतवर्ष में हमें इस बात को भी देखना है कि इस अधिनियम के अंतर्गत, इस संशोधन के अंतर्गत समीक्षा के समय हम यह ध्यान रखें कि कितनी ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जिन्होंने ग्राम सभांए पूर तौर से आयोजित कर ली । माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं नहीं होती हैं । ग्राम सभाओं की औपचारिकता तक होना बंद हो गया हैं और जो बड़ी पंचायतें हैं, उन बड़ी ग्राम पंचायतों में तो ग्राम सभा का सपना भी नहीं देखा जा सकता क्योंकि

साल में तीन बार, चार बार या दो बार यदि आप ग्राम सभा को बुलाएं तो या तो लोग आते ही नहीं हैं या फिर लोग आने नहीं दिए जातें हैं । क्या हम इसमें ऐसा कोई प्रावधान कर सकेंगे कि जहां ग्राम सभांए नही हो पाएं, उन पंचायतों और सरपंचों पर हम क्या प्रावधान लागू करें ? क्यों नहीं आते हैं ? एक सरपंच जो सीधा चुनकर आता है, वह मुनादी करवाता है, ढिंढोरा पिटवाता है, डोंडी पिटवाता है, उसके बावजूद ग्राम सभा के लोग और उसके वोटर खुद सामने आकर पंचायत की जाजम पर, पचांयत की बिसात पर बैठने को तैयार नहीं हैं । उन सरपंचों पर हम क्या कार्यवाही कर सकतें हैं ? और अगर एक, दो या तीन ग्राम पंचायतों की बैठकों, ग्राम सभा में भी लोग नहीं आए तब फिर हमारे पास क्या प्रावधान हैं ? या तो लोग आते नहीं हैं या फिर आने नहीं दिये जाते हैं क्योंकि आने देंगे तो ग्राम सभाओं में प्रश्न पैदा होगें, सवाल करेगे और मान-अपमान और सम्मान का, सत्कार का और अपमान का, तिरस्कार का, दोनों का वहां पर प्रसंग पैदा हो जाएगा । इसलिए इस प्रावधान पर हमें बहुत विचार करना चाहिए क्योंकि राजीव गांधी जी के समय में मैं सौभाग्यशाली हूं कि इस संशोधन पर मैं उस सदन में बैठता था । यह मेरा सौभाग्य हैं । उस सदन में हम बैठते थे और हम प्रसन्न थे कि हम एक ऐसा कानून बनाकर आए हैं जिसमें सबको लाभ होगा । दूसरा हमने बहुत महत्वपूर्ण काम इसमें किया जैसा अभी बताया जा रहा था कि हमने पंचायतों को अधिकार तो दे दिए लेकिन दो स्थितियों पैदा हो गयी । ।वे सारे अधिकार उनको नौकरशाहों के थ्रू मिलते हैं । जितने नौकरशाहों पर आधारित नहीं रखा जाए तो शायद पंचायतें ज्यादा काम करेंगी । मैं पंचायत मंत्री जी से सिर्फ एक सवाल करना चाहता हूं । पंचायत कितना ही बड़ा काम करे, पंचायत के निर्माण कार्यो का वैल्यूएशन कौन करेगा ? वैल्यूएशन करने वाले सरकार के लोग होते हैं, मूल्याकंन करने वाले सरकार के लोग होते हैं ।सरकार के लोग जब वैल्यूएशन करने के लिए आते जाते हैं तो उस वक्त सरपंचों और पंचायत वालों की जो मनःस्थितियां होती हैं, उसके सबके अनुभव अपने-अपने अलग-अलग हैं । सारी परिस्थितियां उनकी अलग हो जाती है । मध्य प्रदेश सरकार ने इस दिशा में आगे बढ़कर कदम उठाया है । हमें इस पर गर्व भी हैं और संतोष भी है, हमारा सिर ऊंचा हैं । आपने 29 विषय दिये थे । मध्य प्रदेश की सरकार ने ग्राम पंचायतों को 37 विषय दे दिये और जिला सरकारें कायम कर दीं । जब मैं बोल रहा हूं , उस वक्त एक विचार हमारे राजनैतिक गर्भ में हैं, शायद यह विचार कल आ जाए । मध्य प्रदेश में पचास हजार ग्राम इस वक्त हमारे पास हैं । हम तय करने जा रहे हैं, हो सकता हैं कि जल्दी इस बात की व्यवस्था हो जाए कि हर ग्राम को एक ग्राम पंचायत मुख्यालय बना दिया जाए । प्रत्येक ग्राम एक ग्राम पंचायत मुख्यालय हो जाए । इस दिशा में हम लोग आगे प्रवृत हैं, विचार भी चल रहा हैं । आप स्वयं मध्य प्रदेश से हैं इसलिए आप भी शायद इस बात से अवगत होंगे । यह एक सपना है जो हम देख रहे हैं । राजीव गांधी और महात्मा गांधी के सपने को आगे गावं-गांव तक ले जाने के लिए । लेकिन क्या इसका मतलब यह तो नहीं निकल आएगा कि हम सब नौकरशाहों के हाथों में सारे गांवों को झोंक देंगे ? हमें बड़ा सावधान रहना पड़ेगा । मैं इस मामले में आपसे एक प्रार्थना करना चाहता हूं कि हमारे पास क्या सिलसिला है, इन सारी बातों पर जब हम समीक्षा करते हैं तो उस वक्त हम लोगों को यह देखना चाहिए ।"स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के रूप में सभी तीन स्तरों पर पीआरआईज़ और नगर पालिकाओं के लिए क्रमशः अनुच्छेद 243(छ) और 243 (ब) के अंतर्गत आर्थिक विकास ओर सामाजिक न्याय के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना आवश्यक हैं । इस संबंध में अधिकतर राज्यों में अत्यंत अपर्याप्त प्रगति हुई है" । इस वाक्य को मैं फिर से पढ़ रहा हूं । "इस संबंध में अधिकतर राज्यों में अत्यंत अपर्याप्त प्रगति

हुई हैं । ऐसा अंशतः इसलिए हुआ हैं कि कागज पर अंतरण के साथ प्रभावी अंतरण नहीं हुआ हैं और इसका बड़ा कारण यह है कि जहां भी पीआरआईज़ नगर पालिकाएं क्रियान्वयन में शामिल होती है, वहां वे स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की बजाए अधिकतर सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के अभिकरणों के रूप में कार्य करने लगते हैं । इस विसंगति से हमें इन्हें निकालना पड़ेगा, जब हम समीक्षा में बैठ हुए हैं । यदि हम केवल सरकारी अफसरों और नौकरशाहों के भरोसे ही इस पंचायतराज को छोड़ देंगे तो काम चलने वाला नहीं हैं । एक निवेदन तो मैं यह करना चाहता था । दूसरा, एक और चीज़ कहना चाहता हूं । जब राजीव गांधी ने साहस करके, अपने अनुभव के आधार पर आकर आसपास देखा- वे तो सीधे प्रधान मंत्री बने थे – अपने आसपास बैठकर सब कुछ देखा, सारा संजाल देखा, राज्य सरकारों का, प्रदेश का और देश का तो उनके मुंह से सीधा एक वाक्य निकलता है कि हम 100 रूपए पहुंचाते हैं तो 85 रूपए पाइप लाइन में ही खर्च हो जाते हैं और 15 रूपए ही पहुंचा पाते हैं । जब यह बात उन्होने सार्वजनिक सभाओं में कहनी शुरू की तो जो आज सज्जन उधर बैठे हैं, उन्होंने उनका मखौल किया था । मुझे याद है, मैं चुनाव लड़ा था और मुझे याद है कि इस बात का मखौल हुआ था । आज आप स्वंय जब संशोधन लाते हैं । और समीक्षा लाते हैं तो उसमें, स्वयं में भ्रष्टाचार की बात करते हैं । राजीव गांधी का सिर्फ यह कहना था कि खेतों को पानी कम मिल रहा है, खेत को पानी पहुंचाने वाली नाली ज्यादा पानी पी रही है । इस नाली ने इतना पानी पी लिया है कि खेत सूखते जा रहे हैं । वहीं तो आप कह रहे हैं । आज करप्शन की पंचायतों में क्या स्थिति हो रही हैं ? आप अंदाजा लगा रहे हैं । एक एक पंच और सरंपच चुनाव लड़ने के लिए कितना खर्च करता हैं ? आप भी जानते हैं मैं भी जानता हूं, सारा देश जानता है । शराब पीने वाले लोग 6-6,7-7 महीने तक की शराब की बोतलें अपने घर में सरंपच से रखवा लेते हैं और फिर आराम से पाचं-छः महीन तक दारू पिया करते हैं । इस आधार पर हम लोगों को पंचायत राज को चलाना पड़ रहा है । हमारे सबके सामने उदाहरण है । रहा प्रश्न माया सिंह जी अभी बात कर रही थी, आपको भी अच्छा लग रहा था,मुझे भी अच्छा लग रहा था – हमने बहनों को बिठाया, सरपंच बनायाऔर इस पंचायत अधिनियम के अंतर्गत बनाया,संशोधन के अंतर्गत बनाया । क्या उन्हें स्वतंत्रापूर्वक, तटस्थतापूर्वक, ईमानदारी से काम करने दिया जा रहा है ? इस पर भी विचार करना पड़ेगा । माननीय मंत्री महोदय। लैटर पैड छप गए । "एसपी" –अग्रेंजी का शब्द"एसपी", हिन्दी का "एसपी" और पूछते हैं कि "एसपी" का क्या मतलब है? लोग खडे हो जाते हैं, कलैक्टर खड़ा हो जाता है कि एसपी साहब मिलने के लिए आए हैं । तब पता चलता है कि "सरंपच " पति आया है, "एसपी" आया है । लैटरपैड छाप दिए । हमने उनसे कहा कि कहीं न कहीं मुकदमा चल जाएगा , इस चक्कर में न पड़ो । यह हालत हो रही है लेकिन इस सबके बावजूद, उनके भाई, उनकी बहन उनके जो भी कुछ काम करें लेकिन कम से कम उन कागजों पर तो उन्हें हस्ताक्षर करने दें जिन कागजों के माध्यम से राज को चलना है । हस्तक्षेप बहुत ज्यादा होता है ? मैं जानता हूं कि मेरी मां मुझसे ज्यादा समझदार और ईमानदार थी । इसलिए मातृ शक्ति में मैं अत्यंत विश्वास करता हूं और उसकी जय-जयकार करता हूं । लेकिन मातृ शक्ति को हम कितना असहयोग दे रहे हैं, यह हम सबको देखना पड़ेगा । एक चीज़ और मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं । विशेष निवेदन मेरा यह है कि ग्राम,वार्ड, सभा की बैठकों में महिलाओं की सहभागिता दयनीय रही हैं । महिलाओं को ग्राम सभा की बैठकों में आने से रोक दिया जाता है । इसलिए हमें इस पर विचार करना चाहिए कि महिलाओं की सहभागिता ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक होनी चाहिए और बराबर होनी चाहिए ।

एक चीज़ और है, जैसे कि अविश्वास प्रस्ताव पर मामला चल रहा है। यह ठीक बात है कि अविश्वास प्रस्ताव प्रायः उन्हीं जगहों में लाए जाते है जहां लोगों के गले नहीं उतरता है लेकिन विशेष बात- आखिर यह महिलाओं पर ही आक्रमण क्यों हो रहा है ? इस बात पर भी हमारी सरकार को और संसद को बहुत सोचकर तय करना पड़ेगा।

एक निवेदन ओर करना चाहता हूं कि संविधान में निर्वाचित स्थानीय निकायों की पहली बैठक के पश्चात पाचं वर्ष समाप्त होने से पहले चुनाव की व्यवस्था है लेकिन अनेक राज्यों में समय पर चुनाव कराने में अप्रत्याशित विलम्ब हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने अपवादपूर्ण परिस्थितियों में मामूली विलम्ब को अपरिहार्य माना है लेकिन अन्य कारकों के लिए चुनाव को टाले जाने को अक्षम्य बताया है। यह चुनाव और उप-चुनाव, सभी पर लागू है। समीक्षा करके कृपा करके मुख्य मंत्रियों को, पंचायत मंत्रियों को बुलाकर हिसाब-किताब लीजिए सारे देश का कि कहां-कहां कितनी पंचायते ऐसी है जो भंग पड़ी है या जहां सरपंच नहीं हैं ? उनके चुनाव छः महीने के भीतर क्यों नहीं हुए ? चाहे वह नगर पंचायत हो, चाहे नगर कारपोरेशन हो, चाहे ग्राम पंचायत हो, छः महीने के भीतर क्यों नहीं चुनाव हो पाते हैं ? चुनाव क्यों टाले जाते हैं ? इसके लिए भी आपको कुछ न कुछ प्रावधान लाना पड़ेगा जो भी आप नया सिलसिला तय करें।

निर्वाचन में मतदाता-सूची में जो धांधली होती है, आप विशेष तौर से जानते हैं। आप स्वयं देहात से आते है और खूब जानते है इस चीज़ को पंचायत मंत्री महोदय। लेकिन एक चीज़ जिसकी और मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि क्या कारण है कि पंचायतो को जो अधिकार हम देते है, सबसे ज्यादा अगर कहीं रूकावट आती है तो वह इस बात पर आती है कि ग्राम पंचायतों में गरीब लोगों के राशन-कार्ड नहीं बनते हैं। राशन-कार्ड बनाने का क्या सिलसिला आप तय करते हैं ? लोग संसद से उम्मीद करते हैं। मेरे पास पंचायतों से पत्र आते हैं कि राशन- कार्ड नहीं बन पा रहा है। इस और भी हमको देखकर सोचकर रास्ता निकालना पड़ेगा।

एक चीज़ और निवेदन करनी है। सविंधान की धारा 243 और आज आप यह जो विचार और समीक्षा लाए है कि पुनर्समीक्षा की आवश्यकता है कि संविधान के भाग 9 और 9ए के प्रावधानों को विधायी आवरण पहनाया जाए, अभी तक किसी राज्य सरकार ने यह अभ्यास शुरू नहीं किया है। यह सिफारिश की जाती है कि केंद्रीय व राज्य विधि आयोगों से यह अनुरोध किया जाए कि वे इस मामले का अध्ययन करके उस पर प्रभावी कार्यवाही करें। जो समीक्षा आज आप करवा रहे हैं, इसको यदि हम प्रभावी आवरण नहीं दे पाए और संवैधानिक आवरण नहीं दे पाए तो हमारी समीक्षा निरर्थक हो जाएगी। दूसरा, नई दिल्ली से योजना आयोग राष्ट्रव्यापी प्रगति का खाका तैयार कर सकता है जो राज्यों को यह सोचने के योग्य बनाएगा कि वह कैसे राष्ट्रीय अवधारणा के अंतर्गत विकास का कुशल अभ्यास कर सकते हैं- इस पर भी हमको देखना पड़ेगा, विधि आयोग को बीच में जाना पड़ेगा।

